हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–325 : जौनपुर, सोमवार 11 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रथम चरण में प्रदेश के 66 जिलों में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे काम : कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ ब्यूरो : जल जीवन मिशन देश के और प्रदेश के विकास को एक नई गति दे रहा है। पिछले तीन वर्षों से कम समय में जिस तरह से घरों में नल से जल पहुंचा है वह जन आकांक्षाओं और जन भागीदारी की एक बड़ी मिसाल है। यह बात जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस के दौरान कही। जल शक्ति मंत्री जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में संचालित हो रही हर घर नल योजना की प्रगति का ब्योरा पेश कर रहे थे। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सरकार ने पांच वर्षों में तीन लाख 70 हजार करोड़ रुपये का बजट देने का प्रावधान किया। जिससे कि हर घर नल से जल पहुंच सके। पानी के लिए किसी को भटकना न पड़े। दुर्गम पहाड़ी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने का पानी साफ मिले और घर की महिलाओं को पानी की समस्या से पूरी तरह छुटकारा मिल जाए। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि योजना से महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मूर्त रूप देने के लिए जल प्रबंधान को बेहतर करने के लिए यूपी में तीव्र गति से काम हो रहे हैं। लाखों परिवारों के जीवन में सुधार हो रहा है। प्रथम चरण में बुंदेलखंड और विंध्य के साथ–साथ प्रदेश के 66 जिलों में घर–घर शुद्घ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल के क्षेत्र में निरंतर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश के विकास के लिए पानी की बाधा समाप्त होना बहुत जरूरी है। देश की नदियों के जल



का सदुपयोग हो किसानों के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचे यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मात्र दो वर्षों में 49 प्रतिशत घरों में नल से शुद्ध पानी पहुंचा जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने से पहले देश के केवल 16 प्रतिशत घरों में ही नल से जल की सुविधा उपलब्ध थी जबकि जल जीवन मिशन की शुरुआत के बाद मात्र दो वर्षों में 49 प्रतिशत घरों में नल से शुद्ध पानी पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण को शुद्ध जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है जिसे पूरा करने के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जल मंत्रालय भी प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के साथ ही प्रदेश के 66 जिलों में गांव–गांव तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना पर युद्धस्तर से कार्य चल रहा है। प्रदेश भर में ऑनगोईंग योजनाओं (नई योजनाओं) के तहत कुल 913537 घरों में पानी के कनेक्शन देकर शुद्ध जलापूर्ति शुरु करा दी गई है। प्रदेश में पुरानी योजनाओं की मरम्मत कर नए सिरे से (रेट्रोफिटिंग योजना) 1644139 घरों को पानी के कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है।

## जिलाधिकारी द्वारा गोवर्धन इंटर कॉलेज मुफ्तीगंज में चल रही परीक्षा का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से गोवर्धन इंटर कॉलेज मुफ्तीगंज में चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती और सीसीटीवी सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रधानाचार्य से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का विद्यालय परिसर में प्रवेश न हो और बोर्ड परीक्षा में लगाए गए समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक सहित समस्त अधिकारीगण जिनकी भी



ड्यूटी लगाई गई है, वे ड्यूटी को गंभीरता पूर्वक ले और ससमय अपने अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचे। कोई भी अनुपस्थित नहीं रहना चाहिए अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## दिल्ली की गेंदबाजी सबसे असरदार : इसी वजह से हम जीत रहे मैच –चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव

मुंबई ब्यूरो : दिल्ली कैपिटल्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच जीतकर फॉर्म में लौट चुकी है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 215 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कोलकाता की टीम 171 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। चाइनमान गेंदबाज कुलदीप यादव ने चार विकेट झटके और मैच को दिल्ली की झोली में डाल दिया। इस मैच के बाद कुलदीप ने कहा– हमारी गेंदबाजी इस सीजन हमारे लिए सबसे सकारात्मक चीज रही है। मुंबई के खिलाफ पहले मैच में उनका स्कोर 200 के पार जा रहा था, लेकिन हमने उन्हें 177 पर रोक दिया था। हमारे तेज गेंदबाज शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मैच में पावरप्ले में हमने अच्छा दबाव बनाया था। इसकी वजह से हम बाद में खुलकर गेंदबाजी कर सके। कोलकाता के खिलाफ मैच में कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने 35 रन देकर चार विकेट झटके थे। कुलदीप ने मैच के दौरान उमेश यादव का अपनी ही गेंद पर बेहतरीन कैच लपका था। इस कैच के बारे में उन्होंने कहा– मुझे पता था कि सिर्फ मैं ही यह कैच लपक सकता हूं। बाकी लोग गेंद से काफी दूर थे। मैंने अपनी आंखें गेंद पर बनाई रखीं और गेंद को पकड़ने में कामयाब रहा। इस कैच को



लेकर काफी अच्छा लगा था। दिल्ली को अब अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक मिला है। कोलकाता के खिलाफ जीत की अहमियत के बारे में बात करते हुए कुलदीप ने कहा– ये दो अंक हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इससे टीम के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। अब हम शनिवार को बैंगलोर के खिलाफ मैच से पहले खुद को तरोताजा करेंगे, ताकि पांच दिन के ब्रेक में टीम में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। कुलदीप ने साथ ही टीम की फील्डिंग को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा– जब आपकी टीम में कई युवा खिलाड़ी हों, तो फील्डिंग खुद ही निखर जाती है। हम इसके लिए काफी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं। ओवरऑल, हमारी फील्डिंग काफी बढ़िया है। दिल्ली और बैंगलोर के बीच शनिवार को होने वाला मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## रामनगरी में श्रीरामलला का जन्मोत्सव भव्यता से सम्पन्न एवं करोड़ों लोगों ने देखा सजीव प्रसारण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के 5 अगस्त 2020 के भूमिपूजन समारोह के बाद तथा कोविड लहर के बाद नये फाइवर के मंदिर में श्रीराम लला का जन्मोत्सव/श्रीराम नवमी की तैयारी मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विगत 15 दिनों से की जा रही थी।जिसमें जिलाधिकारी, मण्डलायुक्त एवं स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न चरण में इसकी तैयारी की समीक्षा की गयी थी।इस माह के प्रथम कार्यदिवस को एक अप्रैल को मुख्यमंत्री जी द्वारा इस मेले को भव्यता से मनाने के निर्देश दिये गये थे।उसी के अनुरूप आज राम नवमी को रामलला का जन्मोत्सव ठीक 11:30 बजे प्रारम्भ हुआ तथा 12 बजे ''भय प्रकट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप विचारी।।'' के उनके जन्मोत्सव के छन्द को आचार्यो, संत महात्माओं, अधिकारियों, श्रद्वालुओं एवं मीडिया कर्मियों द्वारा सस्वर गाया गया तथा उनके 108 नाम सहित अन्य श्रीराम चन्द्र जी के एवं दशरथ नन्दन के छन्दों को गाया गया।रामनवमी के दिन अपने जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी के साथ राम नगरी अयोध्या का भ्रमण किया तो वहाँ पूरे अयोध्या में उल्लास के साथ वातावरण में अबीर रंग उड़ाते हुये लगभग अयोध्या के 175 मंदिरों में एक समय भगवान राम का जन्मोत्सव मनाते हुये दिखे। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रीराम लला विराजमान मंदिर का तथा श्री कनक बिहारी मंदिर का दूरदर्शन द्वारा एवं आकाशवाणी द्वारा सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्य के लिए समय से अपर मुख्य सचिव सूचना डा0 नवनीत सहगल द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये थे।वही इसी कड़ी में अंतिम समय में ए0एन0आई0 न्यूज नेटवर्क को भी सजीव प्रसारण के लिए लगाया गया। इस प्रसारण में लगभग 100 से ज्यादा कार्यक्रम सम्बंधी एवं तकनीकी स्टाप लगाये गये थे।इस प्रसारण का देश के दूरदर्शन, नेशनल एवं यूपी के अलावा सभी चौनलों ने प्रसारित किया। देश में जन्मोत्सव के कार्यक्रम को पहली बार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सजीव प्रसारण से करोड़ों लोगों ने देखा तथा वहां पर भगवान के भोग लगाये गये हुये प्रसाद, चरणामृत एवं फल आदि वितरित किये गये, जिसमें अयोध्या की धरती पर लाखों श्रद्वालुओं ने प्रसाद के साथ भंडारे का भी आनन्द लिया। पूरे शहर को साफ सफाई, बेहतर व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था, मीडिया कवरेज व्यवस्था की गयी थी तथा शहर में लगभग दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर एलईडी बैन लगाये गये थे जिससे आम श्रद्वालुओं ने इस सजीव प्रसारण का आनन्द लिया। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय यहां के संतों, श्रद्वालुओं एवं मा0 मुख्यमंत्री



जी को जाता है। इस सफलता के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज कविन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि अधिकारियों ने अपने परिवार के साथ इस जन्मोत्सव के भव्य आयोजन का अवलोकन किया। उक्त अवसर पर अपर मुख्य सचिव सूचना डा0 नवनीत सहगल, सूचना निदेशक शिशिर सिंह भी पल–पल की जानकारी अपने मोबाइल फोन से ले रहे थे तथा निर्देश दे रहे थे। उक्त अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के वरिष्ठ सदस्य संत जिनेन्द्र दास के अलावा अन्य सदस्य अनिल मिश्र, विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ दिनेश जी, मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास सहित अन्य पुजारी गण, श्रीराम जन्मभूमि कार्यालय के श्री गोपाल जी, राजकुमार, रामशंकर जी, एलएनटी के प्रमुख विनोद मेहता जी, उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, एलएनटी के वरिष्ठ अभियन्ता एवं पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा श्रीराम जन्मभूमि के वरिष्ठ अधिकारी पंकज, निरीक्षकध्आरएमओ अर्जुन देव, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी अरविन्द चतुर्वेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राजकुमार राय, एसडीएम सदर राम कुमार शुक्ला सहित अनेकों वरिष्ठ अधिकारी एवं हजारों की संख्या में श्रद्वालु, गणमान्य नागरिक बलराम दास, जयराम दास, गोविन्द दास, श्रवण दास, अनिल दास, विश्व हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। यहां के सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित अनेक वैद्दिक एवं कर्मकांडों के विद्वान आदि उपस्थित थे। साथ ही हमारे दूरदर्शन टीम के अनुपम स्वरूप, रमा द्विवेदी, श्याम नारायण चौधरी, अमित कुमार, मयंक श्रीवास्तव, विवेक शुक्ला आदि तथा आकाशवाणी के संजय, सचिन एवं एएनआई के कामना हजेला, राजेश कुमार, अजय कुमार आदि टीम के प्रभारी भी उपस्थित थे। सभी श्रद्वालुओं को श्रद्वाभाव से प्रथम बार श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्रसाद वितरण किया गया। सभी ने शासन एवं प्रशासन के कार्यो की सराहना की।उक्त अवसर पर अपर मुख्य सचिव सूचना डा0 नवनीत सहगल, मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह ने आम जनमानस के सहयोग की तथा मीडिया के सहयोग की सराहना की तथा इनके सहयोग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया गया तथा कहा कि अयोध्या का कार्यक्रम श्रीरामलला की एवं हनुमान जी की कृपा से अच्छा होता है आगामी हम लोगों को 15 अप्रैल को उपराष्ट्रपति के भ्रमण को सफल कराना है।

## उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मंदिर में पूजा अर्चना की : डॉ आशीष अवस्थी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पौराणिक पंथवारी देवी मंदिर पहुंची उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी,जोगीपुर नौसारा बजरिया में स्थित पंथवारी देवी मंदिर में पहुंची उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने माता के दरबार में पूजा अर्चना कर घण्टा व चुनरी चढ़ाई नवरात्रि के चलते बीते 9 दिनों से मंदिर परिसर में चल रही कथा व पूजन जगरात्रा के समापन उपरांत सोमवार को आयोजित भंडारे में तमाम लोगो ने अपनी भागीदारी निभाई। आयोजक सभासद डॉ.आशीष अवस्थी सोनू द्वारा क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी के लिए मंत्री बनने की मन्नत मांगी गई थी। उन्होंने राज्य मंत्री के हांथो इस नेक कार्य को अंजाम दिलाया। इस मौके पर प्रभारी सुभाष पांडेय,रमेश राजपूत, लालाराम राजपूत, ब्रजकिशोर, माया देवी, गोपाल त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, आरती मिश्र, देवेंद्र कुशवाहा,राजेश देवल, अखिलेश त्रिपाठी, वेदराम राजपूत, गोविंद पाठक, दृष्टिगोचर मिश्रा,



विकास मिश्रा, अंकित मिश्रा, सुधांशु शुक्ला, अटल हर्ष पांडेय, रपिल शर्मा, रमेश राठौर समेत सैकड़ों समर्थकों कार्यकर्ताओं द्वारा माननीय मंत्री जी का फूल मालाओं के साथ स्वागत कर उन्हें स्म्रति चिह्न गदा भेंट किए ।

## आवश्यक सूचना


आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सुजानगंज में श्री राम नवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी स्थापना दिवस पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जिसमें हिंदू





युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं द्वारा बालवरगंज, सुजानगंज बाजार को भगवा रंग झण्डे एवं पताको से खूब सजाया गया, रविवार शाम लगभग पाध्च बजे गाजे बाजो के साथ शोभायात्रा निकल कर बालवरगंज बाजार,बेलवार तिराहा,चिरैया मोड़ होते हुए सुजानगंज पुरानी बाजार से होकर बालवरगंज पहुँच कर शोभायात्रा सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारो से पूरा क्षेत्र गुज उठा,डीजे पर भक्ति गीतो की आवाज पर लोग थिरकते रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला महामंत्री हिंदू युवा वाहिनी धीरज कुमार गुप्ता, राहुल सोनी, सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी, नीरज सिंह, अंशुल गुप्ता ,नीरज पांडेय, अंशु त्रिपाठी, बृजलाल निषाद, आशीष शुक्ला, तृशान्त शुक्ला, दीपक त्रिपाठी, पिन्टू उमर, आदि सहित हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं कार्यकरता और भाजपा नेता चंदन त्रिपाठी, आलोक सिंह जि० पंचायत सदस्य,बाबा पाण्डेय प्रधान, अनिल पाण्डेय ( नेता) प्रधान, क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रथ यात्रा का किया शुभारंभ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रथ यात्रा का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर मनोज कुमार पटेल, प्र.अ.जूनियर हाईस्कूल टोडरपुर सतीत्व चन्द्र गुप्ता व कोषाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ टोडरपुर शिवप्रसाद श्रीवास्तव द्वारा हरी



झंडी दिखाकर किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक टोडरपुर की न्याय पंचायतों के गाँवों में खण्ड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर की अगुवाई में भ्रमण कर शासन की मंशा के अनुरूप शत प्रतिशत नामांकन हेतु अभिभावकों से सम्पर्क किया गया।बीईओ टोडरपुर ने अभिभावकों से बच्चों का अपने नजदीकी सरकारी स्कूल में नामांकन कराने का अनुरोध किया।स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षक बीआरसी स्टाफ व अधिकारी प्रयत्नशील रहे।इस अवसर पर बीईओ टोडरपुर श्री पटेल, वरिष्ठ प्र.अ. सतीश चंद्र गुप्ता जूनियर हाईस्कूल टोडरपुर,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव, एआरपी मनोज मिश्रा, लेखाकार शैलेश राठौर, सूर्यप्रकाश, रामू शर्मा, अभिमन्यु पाल,राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, राजेश्वर, उदयप्रताप आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**ताकत की जरुरत तभी होती है जब कुछ बुरा करना हो वरना दुनिया में सब कुछ पानें के लिए प्रेम ही काफी है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## पुणे की जर्मन बेकरी में हुए बम धमाकों से मिली सीख

पुराने कानून के अनुसार, सिर्फ सजायाफ्ता लोगों का सैंपल लिया जाता था, लेकिन प्रस्तावित कानून के अनुसार शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार लोगों का भी सैंपल हेड कांस्टेबल द्वारा लिया जा सकता है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और स्टेट ऑफ पुलिसिंग इन इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, राज्यों में पुलिस की हालत बहुत ही खराब है। 22 राज्यों के एक तिहाई थानों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं है।

पुणे की जर्मन बेकरी में हुए बम धमाकों के लिए जिम्मेदार इंडियन मुजाहिद्दीन (आईएम) के दुर्दांत आतंकवादी यासीन भटकल को वर्ष 2013 में जब नेपाल से गिरफ्तार किया गया, तो पूछताछ के बाद दिलचस्प खुलासा हुआ। जांच एजेंसियों को पता चला कि कोलकाता पुलिस ने भटकल को 2009 में गिरफ्तार किया था, लेकिन उसने बुल्ला मलिक नाम से झूठी पहचान बताकर, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जल्द रिहाई करवा ली थी।

इस मामले से सबक लेते हुए बोधगया बम धमाकों के मामले में एनआईए ने डीएनए सैंपल के आधार पर इंडियन मुजाहिद्दीन के हैदर अली को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों मामलों से अपराधियों की पहचान और आतंकवाद की रोकथाम के मामले में बायोमेट्रिक्स और नई तकनीक के इस्तेमाल की उपयोगिता जाहिर होती है।

अपराधों की जांच के लिए अंग्रेजों के समय बनी दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 53 और 53–अ में गिरफ्तार लोगों की मेडिकल जांच का प्रावधान है। उसके अनुसार वर्ष 1920 में बनाए गए बंदी शिनाख्त अधिनियम के तहत गिरफ्तार लोगों के फिंगरप्रिंट और फुटप्रिंट लेने के लिए पुलिस को अधिकार मिला। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में अपराध की प्रकृति और अपराधियों के तौर–तरीके पूरी तरह से बदल गए हैं।

इसलिए अपराधियों को पकड़ने, मामले की सटीक जांच करने और दोषियों को सख्त सजा दिलवाने के लिए कानूनों में तकनीकी और आधुनिक विज्ञान के पहलुओं को शामिल करना पूरी दुनिया में जरूरी माना जाने लगा है। हाल ही में लोकसभा ने दंड प्रक्रिया शिनाख्त अधिनियम पारित कर दिया है। इस कानून के बनने के बाद गिरफ्तार लोगों की बायोकुंडली बनने का रास्ता भारत में साफ हो जाएगा।

इसके अनुसार उंगलियों और हथेली की छाप या प्रिंट, पैरों की छाप, फोटो, नमूना हस्ताक्षर के अलावा आंखों की पुतली, रेटिना, शारीरिक और बायोलॉजिकल सैंपल (डीएनए आदि) की जानकारी इकट्ठा करने और उनके विश्लेषण का पुलिस और जांच एजेंसियों को अधिकार मिल जाएगा। विपक्ष ने प्रस्तावित कानून को संविधान के अनुच्छेद 20 (3) और निजता के खिलाफ बताया है।

ऐसे कानूनों की जरूरत को तीन पहलुओं से समझना जरूरी है। पहला, अपराधियों, विशेष तौर पर आतंकवाद से लड़ने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को सफल बनाने के लिए अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानूनों में बदलाव जरूरी है। दूसरा, अपराधियों की निजता के अधिकार से ज्यादा बड़ी समाज और देश की सुरक्षा है।

तीसरा, अगर कानून में खामी नहीं है, फिर भी कोई व्यक्ति या सरकार उसका दुरुपयोग करें, तो सिर्फ आशंका के आधार पर कानून की आलोचना ठीक नहीं है। इन तीन बातों को सत्ता पक्ष और विपक्ष समझें, तो सरकारों की आवाजाही से प्रभावित हुए बगैर संसदीय पटल में स्वस्थ और प्रभावी संसदीय बहस का रास्ता भी साफ हो सकता है।

राजीव गांधी की सरकार ने वर्ष 1986 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की स्थापना की थी। बाद में यूपीए सरकार में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली (सीसीटीएनएस) प्रोजेक्ट की शुरुआत की, जिसमें राज्यों और पुलिस थानों को कंप्यूटर नेटवर्क से जोड़कर अपराधियों के केंद्रीकृत डाटाबेस बनाने की शुरुआत हुई। 2014 में एनडीए की सरकार आने के बाद इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण से इसका विस्तार हुआ।

उसके तहत आंखों की पुतली, रेटिना और चेहरे की पहचान आदि को भी डाटाबेस में शामिल किया गया। विपक्षी सांसद प्रस्तावित कानून की संसद और मीडिया में आलोचना कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्षी दलों द्वारा शासित महाराष्ट्र राज्य 6.5 लाख से ज्यादा लोगों के बायोमेट्रिक डाटाबेस को जारी करने वाला पहला राज्य बन रहा है। 53 करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट के तहत सजायाफ्ता लोगों के साथ अंडर ट्रायल कैदियों के फिंगरप्रिंट, हथेलियों के निशान, चेहरे और बायोमेट्रिक डाटा को इकट्ठा करके उसे पुलिस और जांच एजेंसियों के साथ साझा करने की योजना है।

पुराने कानून के अनुसार, सिर्फ सजायाफ्ता लोगों का सैंपल लिया जाता था, लेकिन प्रस्तावित कानून के अनुसार शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार लोगों का भी सैंपल हेड कांस्टेबल द्वारा लिया जा सकता है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और स्टेट ऑफ पुलिसिंग इन इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, राज्यों में पुलिस की हालत बहुत ही खराब है। 22 राज्यों के एक तिहाई थानों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं है। 46 फीसदी पुलिस अधिकारियों को जरूरत पड़ने पर वाहन नहीं मिलते।

28 फीसदी पुलिस वालों को व्यक्तिगत स्तर पर स्टेशनरी का जुगाड़ करना पड़ता है। इस कानून से आतंकवाद के बड़े मामले, जिनमें सीबीआई और एनआईए जैसी जांच एजेंसियां जांच करती हैं, उनमें ही ज्यादा मदद मिलेगी। भारत में पुलिस और फॉरेंसिक लैब की खस्ता हालत को देखते हुए आम अपराधों में इस कानून के इस्तेमाल की गुंजाइश बहुत ही कम है। देश में सात केंद्रीय फॉरेंसिक लैब और राज्यों की 31 में 40 से 50 फीसदी पद रिक्त हैं।

उत्तर प्रदेश के आगरा की लैब में रिपोर्ट नहीं आने की वजह से 5,000 से ज्यादा आपराधिक मामले अटके हुए थे। इस कानून के बन जाने पर सैंपल, टेस्ट रिपोर्ट और डाटा के दुरुपयोग से किसी व्यक्ति को गलत अपराध में फंसाया गया, तो फिर उसकी पूरी उम्र कोर्ट–कचहरी के चक्कर में ही कट जाएगी। अमेरिका में एफबीआई के पास चार करोड़ से ज्यादा लोगों के फिंगरप्रिंट का डाटा है, लेकिन वहां पर डाटा की सुरक्षा और निजता के अधिकार को सुनिश्चित करने और डाटा के दुरुपयोग को रोकने के बारे में सख्त कानून हैं। यूरोप में भूलने के अधिकार पर चर्चा हो रही है। भारत में डाटा सुरक्षा का कानून ही नहीं बना, तो फिर अनेक निरपराध लोगों के संवेदनशील डाटा को 75 साल तक रिकॉर्ड में रखने का तुक नहीं बनता। इसलिए इन बिंदुओं पर बदलाव हो, तो बेवजह के विवाद और न्यायिक हस्तक्षेप से बचा जा सकता है। संविधान के अनुसार, पुलिस, कानून और व्यवस्था राज्यों का विषय है, इसलिए राज्य सरकारों के साथ परामर्श के बाद इस कानून को संसदीय अनुमोदन मिलना सांविधानिक दृष्टि से बेहतर होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एसएसपी के मुताबिक थाना हैदरगंज क्षेत्र में सिपाही से लूट मामले में एक अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार : दो फरार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र में गत दिनो सिपाही से लूट मामले में शामिल आरोपियो में से एक आरोपी को हैदरगंज पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम के मुठभेड़ में गिरफ्तार करने का दावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने किया।जबकि दो अन्य आरोपी फरार हो गये।इस संबंध में उन्होने बताया कि जिले में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व वांछित अपराधियों व लूट/डकैती/छिनैती करने वाले के विरुध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम में अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व सतेन्द्रभूषण तिवारी क्षेत्राधिकारी बीकापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा थाना हैदरगंज अयोध्या के निर्देशन मे थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा धारा 394/332/353/504/506/411 भादवि थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश दूबे उर्फ सचिन पुत्र राकेश कुमार दूबे नि0 पूरबपट्टी थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या को पुलिस मुठभेड़ मे थाना हैदरगंज क्षेत्र के तकमीनगंज पुल से पहले कटरा पछियाना जाने वाले मार्ग मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने बताया कि जो अपने 02 साथियो के साथ थाना हैदरगंज क्षेत्र से सिपाही भाष्कर बाबा के दिनाँक 08.04.2022 को सुबह 06.00 बजे ड्यूटी से वापस आते समय उसे रोक कर उसके सीने व सिर पर पिस्टल व तमन्चा लगा कर जान से मारने की धमकी देकर उसकी इंसास रायफल व 20 कारतूस मैगजीन सहित तथा पर्स जिसके अन्दर ।ज्ड कार्ड, आधार कार्ड, च।छ कार्ड व अन्य कागजात व पांच सौ रुपये नकद छीन कर मार–पीट कर उसकी मोटर साइकिल नं0–यूपी 62 बीएक्स 5038 को छीन लिया गया था। जिसकी तलाश पुलिस को थी।जिसे मुखबिर के बताये अनुसार तकमीनगंज पुल से कटरा पछियाना जाने वाले मार्ग पर क्षेत्राधिकारी महोदय बीकापुर के निर्देश मे थानाध्यक्ष थाना हैदरगंज मय हमराह पुलिस फोर्स व एसओजी टीम मय हमराह के लूट/डकैती/छिनैती करने वाले आकाश दूबे उर्फ सचिन पुत्र राकेश कुमार दूबे नि0 पूरबपट्टी थाना हैदरगंज जनपद व अन्य अभियुक्त के



बीच मुठभेड़ हो गया जिसके क्रम मे एक अभि0 आकाश दूबे उर्फ सचिन उपरोक्त को पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार कर लिया गया।जो घायल हो गया था तथा दूसरा अभियुक्त बृजेश तिवारी पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी गरौली तिवारी का पुरवा थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या व अमन मौर्या पुत्र बाबू राम निवासी पटखौली थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या अंधेरे का फायदा उठा कर फरार होने मे सफल रहे।आकाश दुबे उर्फ सचिन के दोनो पैर मे गोली लग जाने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया।वही बदमाशो द्वारा चलायी गयी गोली से आरक्षी कृष्ण कुमार यादव घायल हो गये ।इस घटना की सूचना जरिये त्ज्—ैमज से जिला कन्ट्रोल रुम को तुरन्त दी गयी एवं मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तथा एम्बुलेंस से भेजा गया।सरकारी वाहन में मौजूद उपकरणो से घटना स्थल को सुरक्षित किया गया । घायल पड़े बदमाश के दाहिने हाथ से एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर जिसके अन्दर मैगजीन से तीन अदद जिन्दा कारतूस तथा पास में जमीन पर पडे दो अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ अभियुक्त के पास जामा तालाशी से सिपाही से लूटी गई 05 जिन्दा कारतूस इंसास राइफल की एवं 500 रुपये नगद व उसका आधार कार्ड एटीएम कार्ड आदि बरामद किया गया अभि0 के पास से घटना मे प्रयुक्त की गई नीले रंग की मो0सा0 भी बरामद की गई गिरफ्तार अभियुक्त से पूछ–ताछ की गई थी।अभियुक्त के द्वारा पुलिस कर्मचारी से दुस्साहसिक तरीके से उसकी राइफल ,मो0सा0 और पर्स मे रखे रुपये व कागजात को छीन लिया गया था जिनकी अयोध्या पुलिस व रेंज पुलिस द्वारा सरगरमी से तलाश की जा रही थी।वही अभियुक्त आकाश को घायल होने के कारण पुलिस कस्टडी मे इलाज हेतु जिला अस्पताल अयोध्या भेजा गया है।वही इस सफलता में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा,(उ0नि0 अमर बहादुर पटेल,का0 गौरव उत्प्रेति का0 शीतला प्रसाद,चालक आरक्षी मनोज मौर्या, उ0नि0 राजकुमार यादव ,का0 कृष्ण कुमार यादव का0 कप्तान सिंह,का0 मोहित कुमार,एसओजी टीम प्रभारी उ0नि0 रतन कुमार शर्मा,हेड कांस्टेबल अजय सिंह,का0 प्रियेश तिवारी,का० मुकेश यादव,का0 सौरभ सिंह,का0 विनय राय,का0 शिवम यादव व का०सुनील यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नवरात्रि की नवमी तिथि पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मृत्युन्जय प्रताप सिंह : मिर्जापुर । मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नवरात्रि की नवमी तिथि पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संस्थापक मनोज श्रीवास्तव व अध्यक्ष रवि शंकर साहू प्रभारी मनोज दमकल के नेतृत्व में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। विशाल शोभायात्रा में दर्जनों डीजे, बैंड बाजा, ढोल नगाड़ा के बीच राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था । नगर भगवा पताकाओं से पटा पड़ा था और हर सड़क राम के गीतों से गूंजायमान था । जय श्रीराम की गूंज से के बीच अदभुत छटा नगर में मग्न होकर नाच रही थी । श्रीराम जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां वह अखाड़ा शामिल थे । संग मोहाल स्थित हनुमान मंदिर से निकली यात्रा नगर के कटरा कोतवाली रोड, कच्ची सड़क, रतनगंज, तेलियागंज, डंकी न गंज चौराहा, पेहटी का चौराहा, पक्की सराय, घंटाघर, शहर कोतवाली रोड़, बसनहीं बाजार, धुंधी कटरा, गुड़हट्टी चौराहा, मुकेरी बाजार, गणेशगंज, भैसहिया टोला, कटरा कोतवाली होते हुए संग मोहाल पर जाकर सम्पन्न हुई।

इसके पूर्व भगवान श्रीराम के दरबार का वैदिक वाचन के साथ पूजन अर्चन पं.नितिन अवस्थी,पं. शशि मालवीय एवं पं. संदीप द्विवेदी आदि वेदपाठी ब्राह्मणों के नेतृत्व में किया गया । भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। यात्रा मार्ग पर भक्तों के द्वारा ठंडा पेय और शीतल जल की समुचित व्यवस्था की गई थी । ताकि राम भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो ।




पूरा नगर भगवान श्रीराम के शोभा यात्रा की तैयारी में जुटा था। भगवान श्रीराम के चहुओर भजन गीत की गूंज से शहर श्रद्धा भक्ति के रस से सराबोर लोगों को तृप्त करते हुए गजब का सुकून दे रहा था । श्रीराम के भक्ति गीत लोगों को धर्म , आस्था और विश्वास के संगम के बीच राम नाम के अमृत बोल कान से दिल में उतर कर गजब की शान्ति और सुकून दे रहे थे। नगर के धुंधी कटरा में सूर्य नव युवक समिति के कार्यकर्ताओं ने आरती उतारी । गुड़ हट्टी चौराहा पर श्रीराम सेवा समिति ने शोभायात्रा का स्वागत किया । इस मौके पर श्याम सुन्दर केशरी अपनी टीम के साथ सेवा कार्य में लगे रहे । विभिन्न स्थानों पर भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई । भक्तों ने माल्यार्पण कर चारों भाइयों के साथ भगवान का दर्शन पूजन कर नमन किया । शोभायात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं विहिप के पूर्व संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव, विहिप जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ला, शोभायात्रा समिति अध्यक्ष रवि शंकर साहू, मनोज दमकल, नितिन अवस्थी, विजय कुमार, मुकेश कुमार, मयंक गुप्ता, शिवांशु सिंह, राज माहेश्वरी, आनंद सिंह, गोपाल केसरवानी, श्रीधर पांडेय, विनय मिश्रा अंकज, पवन कुमार, सिद्धार्थ मिश्रा, राहुल केसरवानी, अभिषेक जायसवाल, शिवम सिंह पटेल, अभिषेक केसरी, अभिनव सिंह एवं अभिषेक कुशवाहा समेत हजारों भक्त शामिल थे।

## बाइक सवार बदमाशों ने किराना व्यापारी से लूटे बीस हजार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दिनदहाड़े असलहे के दम पर किराना व्यापारी से 20 हजार की लूट। बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल भी छीनते हुए दिया घटना को अंजाम, असलहा लहराते हुए फरार। रामगंज बाबूगंज मार्ग पर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के औझी गांव के निकट हुई घटना। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी पहुंचे मौके पर, पुलिसिंग पर उठाए सवाल। कोतवाल गौरी शंकर पाल बोले, लूट की घटना संज्ञान में, की जा रही मामले की जांच पड़ताल।

## पत्रकारों ने नम आंखों से हिमांशु को दी श्रद्धांजलि

मृत्युन्जय प्रताप सिंहःलखनऊ। उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने दिवंगत युवा पत्रकार हिमांशु सिंह चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पत्रकारो को एकजुट होकर एक–दूसरे की मदद के लिए प्रतिबद्ध होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार एकजुट होकर सरकार से भी जब अपना पक्ष रखेंगे तभी कोई रास्ता निकलेगा। श्री सिद्दीकी यूपी प्रेस क्लब में युवा पत्रकार स्व. हिमांशु सिंह चौहान के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के हितों के लिए लड़ने वाले पत्रकारों को अपने हितों के लिए भी लड़ना होगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव एवं लखनऊ मंडल वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि हिमांशु लंबे समय से उनसे जुडे रहे। हिमांशु ने पत्रकार साथियों को जोड़ने का काम किया है । सब के साथ उनका व्यवहार बहुत ही सरल और उदार रहा है । उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों का गुलाला घाट में एकजुट होना हिमांशु की लोकप्रियता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हिमांशु अपने पीछे दो छोटे बच्चे और पत्नी एवं पिता को छोड़ गए हैं । उनके परिवार के भरण–पोषण के लिए सरकार से अनुरोध किया जाएगा और साथ ही साथ सभी पत्रकार साथी स्वर्गीय हिमांशु के परिवार को आर्थिक मदद के लिए जो भी संभव होगा किया जाएगा । कार्यक्रम में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के महामंत्री प्रेम कांत तिवारी ने कहा कि 36 वर्ष के युवा पत्रकार हिमांशु का इस तरह चले जाना स्तब्ध कर देने वाली घटना है । उन्होंने कहा कि हिमांशु का व्यवहार सब के प्रति एक जैसा था । सबसे मुस्कुरा के मिलना खुद को कितनी भी परेशानी क्यों ना रही हो हिमांशु ने अपने चेहरे पर परेशानियों को हावी नहीं होने दिया । श्री तिवारी ने कहा कि



हिमांशु का यह स्वभाव ही उसकी पूंजी थी और अंतिम संस्कार में गुलाला घाट में बड़ी संख्या में पत्रकारों के वहां पहुंचने का यह प्रमाण है कि हिमांशु के प्रति सबके मन में अच्छे भाव थे । कार्यक्रम में लखनऊ मंडल वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के महामंत्री के विश्वदेव राव ने कहा कि हिमांशु के मिलनसार व्यवहार ने पत्रकारों के बीच उसकी एक छाप छोड़ी है । उसका यह असामयिक निधन हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है । उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के कार्यों में स्वर्गीय हिमांशु सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं । उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता । उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर और खुद पत्रकार साथियों के बीच जो भी सहयोग हो सकता है स्वर्गीय हिमांशु के परिजनों के लिए किया जाएगा । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र शुक्ला, अखंड शाही, पवन सिंह सेंगर, श्रीधर अग्निहोत्री, आशीष कुमार सिंह, अविनाश शुक्ला, अजीत प्रताप सिंह,विनीता रानी विन्नी, देवराज सिंह, अमिताभ नीलम, मुकुल मिश्रा, इफ्तिदा भट्टी, नितिन श्रीवास्तव, योगेश नारायण श्रीवास्तव,परवेज अहमद, अमरेन्द्र सिंह, महिमा तिवारी, सत्यजीत सिंह, गौरव चौहान समेत कई अन्य वक्ताओं ने भी हिमांशु चौहान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । सभी ने इस बात को रेखांकित किया कि युवा पत्रकार साथी हिमांशु का अचानक इस तरह चले जाना बहुत ही पीड़ादायक घटना है और उनकी पत्नी और बच्चों के लिए पत्रकारों के सहयोग से जो भी संभव होगा वह सब मदद की जायेगी, इसमें किसी भी तरह पीछे नहीं रहेंगे ।

## गंगा जमुनी तहजीब की शानदार है मिसाल

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः आज जब कुछ जगहों पर कुछ संगठन या कुछ अराजकतत्व माहौल खघ्राब करने की कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं, लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं जिसको कोई भी सभ्य हिन्दू या सभ्य मुसलमान या सभ्य नागरिक अच्छा नहीं मान रहा है! नफरत चाहे परिवार में हो संगठन में हो या फिर दो समुदाय में हो नफरत नफरत ही होती है जो किसी भी मायनों में अच्छी नहीं होती है। ऐसे में कहीं से मिलनसारी की खघ्बर दो समुदायों में आपसी सौहार्द की खघ्बर बहुत सुकून देती है और बहुत सुखद अहसास कराती है। ऐसी ही एक सुखद बात तुड़ियागंज नक्खास में देखने को मिली, जहां आज राम नौवमी के दिन भव्य राम बारात निकल रही थी। रास्ते में इस बारात का तमाम लोग स्वागत कर रहे थे, ये स्वागत उस वक्त भव्य और खूबसूरत हो गया, जब तुड़ियागंज में अमन शान्ति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरैशी, उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद, गुफरान कुरैशी, व सारे पदाधिकारी एवम क्षेत्र की मुस्लिम जनता ने बारात में शामिल तमाम सम्मानित लोगों को माला पहना कर उन सब पर पुष्प वर्षा करके और गले लग कर शानदार स्वागत किया और ये साबित कर दिया कि हिंदुस्तान के हिन्दू भाइयों में और मुस्लिमों भाइयों में दरार डालने की या दुष्प्रचार करने की कोई कितनी भी कोशिश कर ले। पर यहां कर हर बाशिंदा आपस में भाई भाई है और सबमें एक दूसरे की जान बसती है! अमन शान्ति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा मुस्लिमों द्वारा राम बारात के स्वागत की परंपरा सदियों से चली आ रही है, इस बार भी अपने भाइयों का स्वागत करने और गले लगने में बड़ा सुकून मिला है, और ये परम्परा हमेशा जारी रहेगी। पहले मेरे पिता और पूर्वज करते थे, आज हम लोग कर रहे हैं, आगे हमारी नस्लें करेंगी। मुस्लिम भाइयों ने बारात में मौजूद लोगों को पानी पिलाना चाहा, तो हिन्दू भाइयों ने पूरा एहतीराम बरतते हुए कहा कि आप लोग रोजा रख कर और प्यासे रहकर हमको पानी पिला रहे हैं, आपके सामने हम लोग पानी नहीं पियेंगे।सही मायनों में यही है अपना प्यारा हिंदुस्तान, बाकि तो वक्ती गॉसिप हैं कहानी हैं।

## श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नवरात्रि के अंतिम दिवस पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल ने तिकोनियां पार्क से भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें बतौर अतिथि आनंद प्रकाश शुक्ला प्रांत सह संयोजक बजरंग दल शामिल हुए, शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ''बिल्लू'' जिला संयोजक सौरभ पांडेय, जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी, विभाग संयोजक सुशील सिंह,, विभाग अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, धर्म प्रसार विभाग के प्रमुख राजेश्वर सिंह, सोहनलाल मौर्य जिला मंत्री, राजकुमार सोनी, सुरेश बहादुर श्रीवास्तव, नरेंद्र जायसवाल, जय प्रकाश पाठक, रमेश दूबे विभाग मंत्री, उमाकांत विभाग संगठन मंत्री, सेवा प्रमुख अनुराग उपाध्याय आदि दर्जनों विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के द्वारा शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पंचमुखी




हनुमानगढ़ी पहुंची, रास्तेभर जय श्रीराम का उदधोष करते हुए उपस्थित विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म का अनुसरण करने की बात पर जोर दिया।

## भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने सुल्तानपुर का नाम कुशभवनपुर रखने की उठाई माँग

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सूबे में पुनः योगी सरकार के गठन होने के बाद एक बार फिर सुलतानपुर का नाम कुशभवनपुर करने की कवायद तेज हो चुकी है। सूबे के पूर्व पर्यटन मंत्री एवं सुलतानपुर विधानसभा से भाजपा विधायक विनोद सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर ये मांग उठाई है। विनोद सिंह ने पत्र में जिक्र किया है कि सुल्तानपुर अयोध्या और प्रयागराज के बीच स्थित है। यहां के धोपाप,मकरीकुण्ड, सीताकुंड,विजेथुआ जैसे कई धार्मिक स्थल इस बात के पौराणिकता को बल देते हैं कि भगवान राम के पुत्र कुश ने इसे ही कुशभवनपुर के नाम अपनी राजधानी के रूप में विकसित किया था। लेकिन कालांतर में खिलजी बादशाह अपनी संस्कृति के प्रचार प्रसार में इसका नाम सुलतानपुर रख दिया। तब से कई बार इसका पुनः कुशभवनपुर नाम रखने को लेकर लोगों आंदोलन किया और ज्ञापन दिया। विनोद सिंह ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थन में हुई एक जनसभा के दौरान ये मुद्दा उठाया गया था जिसका लोगों ने सकारात्मक समर्थन किया थ। लिहाजा उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग उठाई है कि इसका नाम कुशभवनपुर रखा जाय।

# युवा कांग्रेस द्वारा ''यंग इंडिया के बोल'' सीजन–2 का किया गया विमोचन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन–2 राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का विमोचन करने आए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शान खान ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि ''यंग इंडिया के बोल'' केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं हैं बल्कि यह अभिव्यक्ति का मंच है। जिस दौर में सरकार लोगों की बोलने की स्वतंत्रता छीनने का काम रही उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मंच व अवसर प्रदान कर रही हैं। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे अनेकों ज्वलंत मुद्दे हैं परंतु सरकार अपनी विफलताओं एवं निकम्मेपन को छुपाने के लिए इन मुद्दों पर चर्चा व बहस करने के बजाय जनता को फिजूल के मुद्दों में उलझाकर उनका ध्यान भ्रमित करने का काम कर रही हैं। ऐसे में यह मंच देश के युवाओं की मुखर आवाज बनेगा। यह श्री राहुल गांधी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। देश के आम युवाओं के वक्तव्य कौशल को बढ़ावा देना व उन्हें राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व उद्देश्य हैं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव–प्रभारी उ0प्र0 श्रीमती तनु यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं में मौजूदा चुनौतियों से लड़ने की क्षमता विकसित होगी और वह उन चुनौतियों के बारे में मुखर होकर जनमानस के बीच अपनी बात रखेंगे। इससे समाज में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और आम जनमानस जनविरोधी सरकार की जनविरोधी नीतियों का जोरदार विरोध करेंगे। इस मौके पर उ0प्र0 युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 'यंग इंडिया के बोल' कार्यक्रम में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने व इस प्लेटफार्म के जरिये युवाओं में उनकी सोच को उभारने का सबसे प्रभावशाली कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में युवाओं को उनकी क्षमता और दक्षता को आम







जनमानस के बीच उजागर करने का न सिर्फ मौका मिल रहा है बल्कि इससे अतीत और वर्तमान के बीच जो लोकतंत्र को मजबूत करने की कड़ियां रही हैं उसे जानने और समझने का उत्कृष्ट मौका है। यह कार्यक्रम निःसंदेह युवाओं की बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि सभी युवाओं को इस कार्यक्रम को प्रभावशाली तरीके से आयोजित करने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ताकि आज देश के सामने जो चुनौतियां हैं उसे युवा वर्ग समझ सके और उन चुनौतियों का सामना किया जा सके। उ0प्र0 युवा कांग्रेस के प्रवक्ता एवं संगठन सहप्रभारी वर्चस्व पाण्डेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता को विभिन्न स्तरों पर चलाया जायेगा। प्रतियोगिता को चार स्तर पर यानी विधानसभा, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कराया जाएगा। प्रतियोगिता भाग लेने के लिए 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और आवेदन शुल्क 100 रुपए रखा गया हैं। 01 जून से लेकर 31 जुलाई के भीतर विधानसभा व जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न कराई जाएगी। 01 अगस्त से 20 सितंबर के बीच प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न कराई जाएगी। 30 सितंबर, 01 व 02 अक्तूबर को समूचे देश से आए वक्ताओं का तीन दिवसीय ग्रांड फिनाले आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिंदी, अंग्रेजी समेत स्थानीय बोली– भाषाओं के वक्ता भी भाग ले सकेंगे। उत्तर प्रदेश में भोजपुरी, अवधी, बुंदेलखंडी समेत सभी अन्य स्थानीय भाषाओं के वक्ताओं के लिए विशेष स्थान रहेगा। विजेताओं को युवा कांग्रेस विधानसभा, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर प्रदान करेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उ0प्र0 युवा कांग्रेस के सचिव श्री मुकेश अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता श्री युवराज सिंह यादव, श्री करन सिंह, श्री रत्नेश मिश्रा, श्री हम्माम वाहिद, जिला उपाध्यक्ष श्री दीपक पाण्डेय, श्री भारत अवस्थी एवं श्री जितेन्द्र आदि युवा कांग्रेसजन शामिल रहे।

# अवैध रेवड़ी लगा रहे वेंडरों ने रोडवेज को दी 96 लाख रुपये की चोट : ढाई साल से दोबारा नहीं उठा ठेका

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में चारबाग व कैसरबाग बस अड्डे पर ढाई साल पहले खत्म हुआ रेवड़ी बेचने का ठेका अब तक दोबारा नहीं उठ सका। इसके बावजूद यहां रेवड़ी बेचने का सिलसिला कभी थमा नहीं। ढाई साल में अफसरों से मिलीभगत कर अवैध ठेकेदारों ने दोनों बस अड्डों से 14.40 करोड़ से ज्यादा की रेवड़ी बेच डाली है। इस अवधि में कोई ठेका न होने से दो साल में रोडवेज को 96 लाख के राजस्व की चपत लगी है। अवैध ठेकेदारों से सांठगांठ कर यह पैसा बिचौलिए खा गए। एक अनुमान के मुताबिक दोनों बस अड्डों से दो लाख रुपये से अधिक की रेवड़ी बिक जाती है। इसमें कैसरबाग पर 1.50 लाख रुपये तो चारबाग पर 50 हजार रुपये की बिक्री शामिल है। अफसर रेवड़ी बेचने का दोनों बस अड्डे पर ठेका उठा ठेकेदार तय कर देते तो प्रति माह करीब 3.70 लाख रुपये का राजस्व मिलता। सूत्रों ने यह भी बताया कि ठेका उठता तो यह आय चार लाख रुपये से अधिक भी हो सकती थी। आठ रुपये की रेवड़ी 15 में बेच रहे मौका मुआयना करने पर पता चला कि कैसरबाग एवं चारबाग में 100 ग्राम वजन की रेवड़ी 15 रुपये में यात्रियों को बेची जाती है। इसे अवैध ठेकेदार लगभग 8 रुपये में खरीद कर लाते हैं। एक सेल्समैन ने बताया कि अवैध रूप से बस में रेवड़ी का एक पैकेट बेचने पर 2 रुपये का कमीशन मिलता है। सुबह से रात तक वह 500 पैकेट रेवड़ी के बेच लेता है। कहां से कितनी आय रोडवेज के अधिकृत



ठेकेदार के जरिये जब चारबाग में रेवड़ी बेची जाती थी तो 1.20 लाख रुपये और कैसरबाग से 2.50 लाख रुपये प्रति माह आय हो रही थी। यह रेट करीब ढाई साल पुराना है। वैध ठेकेदार का ठेका लगभग ढाई साल पहले खत्म होने के बाद अवैध रूप से रेवड़ी बेची जाने लगी, जिससे रोडवेज को प्रति माह 3.70 लाख रुपये के राजस्व की चोट पहुंची। कई बार हुआ ठेका उठाने का दिखावा चहेते अवैध ठेकेदार रेवड़ी बेचते रहें और प्रशासनिक अफसर लोग न फंसे, इसके लिए ठेका उठाने का दिखावा कई बार हुआ। चारबाग एवं कैसरबाग के लिए अनगिनत बार टेंडर निकला। ठेकेदारों ने टेंडर भी डाले, लेकिन ठेका नहीं उठ सका। जबकि कई ठेकेदारों ने रेवड़ी बेचने का ठेका हथियाने के लिए बहुत ऊंचे–ऊंचे रेट भी दिए थे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ परिक्षेत्र पीके बोस का कहना है कि चारबाग बस अड्डे पर रेवड़ी बेचने वाले ठेकेदार को ठेका देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रशासनिक अनुमोदन के लिए मुख्यालय भेजा है। कैसरबाग का ठेका उठाने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

# 15 दिन के अंदर दुरुस्त कर लें इमारतों में अग्नि सुरक्षा के संसाधन : बिल्डरों संग की बैठक– पुलिस आयुक्त, वाराणसी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के सिगरा स्थित 11 मंजिला अन्नपूर्णा ग्रैंडयोर अपार्टमेंट में आग की घटना को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने सोमवार को बिल्डर एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग बैठक की। कैंप कार्यालय में हुई बैठक के दौरान आग से बचाव के उपायों पर विस्तृत मंथन किया गया। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने सभी बिल्डरों को निर्देशित किया कि 15 दिनों के अंदर प्रोजेक्ट के अग्निशमन यंत्रों और संसाधनों को दुरुस्त कर लें। ऐसा नहीं करने पर फायर सिक्योरिटी ऑडिट में खामियां पाए जाने पर संबंधित ग्रुप हाउसिंग के बिल्डरों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने रियल इस्टेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द आवश्यक



तैयारियां पूरी कर लें। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिमेष सिंह को भी निर्देशित किया कि प्रोविजनल फायर एनओसी प्राप्त कर कंप्लीशन पूरा करने वाले प्रोजेक्ट को चिन्हित करें। वहीं बैठक के दौरान बिल्डरों ने अपनी समस्याओं को भी रखा। बैठक में अन्नपूर्णा ग्रैंडयोर के फ्लैट मालिक भी मौजूद रहे।

# ब्रुसेलोसिस उन्मूलन अभियान की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर की गयी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा ब्रुसेलोसिस उन्मूलन अभियान की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर की गयी। इस अभियान के तहत 11 अप्रैल 2022 से 10 मई 2022 तक टीका लगाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रुसेलोसिस एक जीवाणु जनित रोग



है, जिसमें पशु का अंतिम तिमाही में गर्भपात हो जाता है। संक्रमित पदार्थ के संपर्क या कच्चा दूध पीने से यह रोग पशुओं से इंसानों में हो सकता है। सरकार द्वारा ब्रुसेलोसिस का टीकाकरण निःशुल्क लगाया जाता है यह टीका 4 से 8 माह की मादा बछडियो व पड़ियों को जीवन में एक बार लगाया जाता है। उन्होंने जनपद के पशुपालकों से अपील की है कि अपने पशुओं को यह टीका अवश्य लगवाएं। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विवादित बयान देने वाले महंत की गिरफ्तारी को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

सीतापुर ब्यूरो : बड़ी संगत के महंत की ओर से विवादित बयान देने का मामला सोमवार को फिर तूल पकड़ गया। खैराबाद कस्बे की एक मस्जिद पर आकर विशेष समुदाय की महिलाएं इकट्ठा हुईं और आरोपी महंत की गिरफ्तारी की मांग करने लगीं।मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझाया जिसके बाद वो शांत हुईं। बीते गुरुवार को खैराबाद के महंत मुनि बजरंग दास द्वारा दिया गया विवादित बयान वायरल हो गया था। इसके बाद रविवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कर पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाने के लिए अपील की थी। आरोपी महंत पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। सोमवार सुबह कस्बे में स्थित शीशे वाली मस्जिद के पास महिलाएं इकट्ठा हो गईं और आरोपी महंत को गिरफ्तार करने की मांग करने लगीं। मौके पर प्रभारी एसओ सियाराम चौरसिया व कस्बा इंचार्ज संजय सिंह पहुंचे और संभ्रांत नागरिकों की मदद से महिलाओं को समझाया कि मामले में जल्द ही कार्रवाई देखने को मिलेगी। जिसके बाद महिलाएं शांत होकर वापस लौट गईं।

# बच्चों के लिए वरदान है टीकाकरण : आईएमए

जौनपुर सू.वि. : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने जनपदवासियों को बच्चों के नियमित टीकाकरण की खूबियां बताते हुए अपील की है कि दो वर्ष तक के सभी बच्चों व गर्भवती का सघन मिशन इंद्रधनुष एवं नियमित टीकाकरण अभियान के अंतर्गत टीकाकरण जरूर कराएं। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। आईएमए के जिला अध्यक्ष तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों के लिए वरदान है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों की जटिलताओं से बचाता है। क्षयरोग, गलाघोंटू, कालीखांसी, टिटनेस, पोलियो, हेपेटाइटिस–बी, निमोनिया, दिमागी बुखार, खसरा, रुबेला और डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम टीके से ही संभव है। इसके साथ ही उन्होंने इन बीमारियों के संबंध में अपना अनुभव साझा किया और कहा कि दुख होता हक जब कोई बच्चा इन बीमारियों से ग्रसित देखने को मिलता है। टीकाकरण की कार्यप्रणाली को सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि नियमित टीकाकरण प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करके शरीर की रक्षा प्रणाली को सक्रिय करता है। इसके चलते जब बाहरी रोग शरीर में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं तो हमारा प्रतिरक्षा तंत्र उनको मार भगाता है। इससे बच्चों को जानलेवा बीमारियों का खतरा कम हो जाता है और बच्चे स्वस्थ रहते हैं। बच्चे स्वस्थ रहें और परिवार खुशहाल रहे इसके लिए जरूरी है कि समय रहते दो वर्ष तक के सभी बच्चों एवं गर्भवती का मिशन इंद्रधनुष एवं नियमित टीकाकरण के अंतर्गत टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीकाकरण अभियान पूरी तरह निःशुल्क है। इसके साथ ही 12 से 14 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष तक के सभी बच्चों का कोविड टीकाकरण भी जरूर करवाएं और देश व प्रदेश को कोविड मुक्त बनाने में सहयोग करें। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में दो वर्ष तक के 13,347 छूटे बच्चों का टीकाकरण करवाने के प्रयास के साथ ही नियमित टीकाकरण भी चल रहा है। इसके तहत दो वर्ष तक के 21,337 बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। इसके साथ ही छुटी हुईं 4,471 गर्भवती एवं नियमित टीकाकरण के अंतर्गत 5,787 गर्भवती का टीकाकरण किया जा चुका है। कोविड टीकाकरण की स्थिति – जनपद में अब तक कुल 71,59,274 से ज्यादा डोज लग चुकी है। 39,86,887 से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है जबकि 31,78,487 को दूसरी डोज तथा 52,991 को एहतियाती डोज लग चुकी है। अभी तक 12 से 15 वर्ष के लोगों को 60,967 डोज का टीकाकरण हो चुका है। 15 से 18 वर्ष के किशोरों को 5,40,513 डोज का टीकाकरण हो चुका था। इसमें से 2,99,863 को पहली डोज तथा 2,40,650 को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष के लोगों को कुल 42,39,875 डोज लग चुकी है जिसमें से 24,05,724 को पहली डोज तथा 18,34,151 को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को कुल 13,50,391 डोज लग चुकी है। 6,91,898 को पहली डोज तथा 6,58,493 को दूसरी डोज लगी है। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को 8,59,584 डोज लगी है जिसमें से 4,41,135 लोगों को पहली डोज तथा 4,16,446 को दूसरी डोज और 23,054 को एहतियाती डोज लगी है।

# बुलडोजर लेकर दबिश देने पहुंची पुलिस, आरोपी ने खुद थाने आकर किया सरेंडर

आजमगढ़ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बुलडोजर का खौफ अपराधियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। आज आजमगढ़ जिले में बुलडोजर के डर से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी ने बुलडोजर के डर से खुद थाने में आकर सरेंडर कर दिया। थानेदार से कहा कि साहब मैं हाजिर हूं। मेरा घर बुलडोजर से मत गिराइए। मामला बरदह थाने का है। यूपी में योगी सरकार की दूसरी पारी शुरू होते ही अपराधियों में बुलडोजर का खौफ फिर से दिखने लगा है। अपराधियों के खिलाफ पुलिस एक्शन में है और इसके चलते कई अपराधी बीते दिनों में खुद को थाने में सरेंडर किया है। पिछले कुछ दिनों में कई अपराधियों के तख्ती लटकाकर आत्मसमर्पण करने के लिए थाने में पहुंचने के मामले भी सामने आए हैं। अवैध शराब मामले में कई माह से था फरार बरदह थाना क्षेत्र के फतुही गांव निवासी राधेश्याम यादव महीनों से फरार चल रहा था। अवैध शराब की पैकिंग मामले में उस पर गैंगस्टर एक्ट लगा है। कई बार पुलिस हाजिर होने के लिए उसके घर नोटिस दे चुकी थी। इसके बाद भी वह हाजिर नहीं हो रहा था। जिस पर बरदह थाना पुलिस सोमवार सुबह आरोपी के घर पर बुलडोजर लेकर कार्रवाई के लिए पहुंच गई। बुलडोजर घर पहुंचते ही आरोपी राधेश्याम यादव भाग कर थाने पहुंचा। खुद को यह कहते हुए पुलिस के हवाले कर दिया कि साहब मै हाजिर हो गया हूं। मेरा घर मत गिराइए। फिलहाल पुलिस ने उसका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है और बुलडोजर चलने के पहले ही रूक गया है। बुलडोजर का खौफ अब आजमगढ़ जिले में भी अपराधियों को सताने लगा है।

# जनता पर बढ़ेगा ज्यादा गृहकर का बोझ : राज्य वित्त से मिलने वाली मदद बंद करने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : नगर निगम को राज्य वित्त से मिलने वाली मदद बंद करने को लेकर अंदरूनी तैयारी चल रही है। यह मदद बंद हुई तो शहरवासियों पर गृहकर का बोझ बढ़ना तय है। नगर निगम प्रशासन पहले ही कई साल से गृहकर बढ़ाने की कोशिश में लगा है, लेकिन बीच–बीच में चुनाव आ जाने से ऐसा नहीं कर सका। निगम पर पहले से ही करीब 300 करोड़ की देनदारी है। ऐसे में राज्य वित्त में कटौती शहरवासियों पर गृहकर का बोझ बढ़ा सकती है। कर्मचारियों के वेतन–पेंशन को छोड़कर नगर निगम को सफाई, मार्ग प्रकाश, पार्षद कोटा आदि पर ही 600 करोड़ से अधिक खर्च करना पड़ता है। वहीं, आय करीब 400 करोड़ के आसपास है। ऐसे में यदि राज्य वित्त का पैसा न आए तो कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाएगा। करीब 300 करोड़ की देनदारी और शहर के रखरखाव पर बढ़ते खर्च को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पिछले पांच साल से गृहकर बढ़ाने के प्रयास में है, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते गृहकर नहीं बढ़ा। अब राज्य वित्त में कटौती हुई तो गृहकर बढ़ना तय है। 12 साल से नहीं बढ़ा गृहकर वर्ष 2010 में गृहकर का रिवीजन किया गया था। उसके बाद अब तक उन्हीं दरों पर गृहकर वसूल किया जा रहा है, जबकि नगर निगम अधिनियम में हर दो साल पर गृहकर रिवाइज करने का प्राविधान है। ऐसे में नगर निगम की आय में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। बीते साल भाजपा पार्षद व कार्यकारिणी सदस्य साधाना वर्मा ने महापौर को पत्र लिखकर सवाल भी उठाया था कि जब दो साल में गृहकर रिवाइज करने का प्रावधान है तो वह अब तक क्यों नहीं किया गया। उसके बाद कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन




कोरोना व अन्य कारणों से मामला दब गया। जानकारों ने बताया कि पूर्व में गृहकर में बढ़ोत्तरी का जो प्रस्ताव बना था, वह लागू हुआ तो गृहकर की दरों में दो गुना तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। गृहकर बढ़ते ही बढ़ जाएगा जलकर जलकल विभाग की ओर से अभी जलकर की गणना गृहकर के आधार पर की जाती है। हाउस टैक्स के लिए जो एआरवी (एनुअल रेंटल वैल्यू) निकाली जाती है उसी पर जलकल 12.5 प्रतिशत की दर से वाटर टैक्स लेता है। ऐसे में जब गृहकर बढ़ेगा तो वाटर टैक्स भी खुद व खुद बढ़ जाएगा। कटौती हुई है, अभी बंद नहीं हुआ है महापौर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त अजय द्विवेदी का कहना है कि राज्य वित्त में कटौती इधर बढ़ी है, लेकिन अभी बंद किए जाने जैसी बात नहीं है। इस संबंध में कोई आदेश भी नहीं आया है। बजट कम होने के चलते ही कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों की संख्या में कटौती करनी पड़ी।

# भूसे में मिला साढ़े चार साल के मासूम का शव : गले और चेहरे पर चोटों के निशान

अमेठी ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में चार साल के मासूम का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मासूम का शव भूसे में मिला है। शव पर चोट के निशान मिले हैं। घटना से हड़कंप मचा है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसपी भी मौके पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार, शिवरतनगंज थाना इलाके के पूरे शिवरतन सिंह मजरे पेंडारा गांव में रविवार रात साढ़े चार वर्षीय मासूम का शव संदिग्ध हालत में भूसे में पड़ा मिला है। शव के चेहरे व गले पर चोट के निशान भी मिले हैं। सूचना पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी अनिल कुमार यादव का साढ़े चार वर्षीय पुत्र प्रिंस रविवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे घर से बच्चों के साथ खेलने घर से निकला था। काफी समय तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के लोग भी ढूंढने में जुट गए। देर रात मासूम प्रिंस का शव घर से थोड़ी दूर पर रखे भूसे के ढेर में मिला। मासूम के चेहरे और गले पर चोट के निशान थे। शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। परिजनों का कहना है कि जहां शव मिला वो लोग उस स्थान पर पहले भी बच्चे को ढूंढ चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर



पहुंची। एसपी भी मौके पर पहुंचे हैं। मामले की छानबीन चल रही है। परिजनों का आरोप है कि किसी ने बच्चे की हत्या कर मौका देखकर शव को भूसे के ढेर में फेंक दिया। एसपी ने कहा कि मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा। जो भी दोषी होंगे उन्हें जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। घटना से गांव में आक्रोश है। इसे देखते हुए गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त पर कार्यवाही : ढहाई गई पांच एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग

वाराणसी ब्यूरो : बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। मऊ प्रशासन ने सोमवार को मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त मिश्रा की पांच एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। जिसकी अनुमानित लागत 60 करोड़ बताई गई है। जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने पूरे दल–बल के साथ पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश मिश्रा द्वारा भुजौटी में पांच एकड़ भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग के मुख्य द्वार और बाउंड्री को ध्वस्त कराया। कॉलोनाइजर को किया जा रहा चिन्हित सिटी मजिस्ट्रेट त्रिभुवन ने बताया कि मुख्तार गैंग के मुख्य सहयोगी गणेश दत्त मिश्रा द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति से यश, विक्रम, अनीता देवी, प्रीति वर्कशीट इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विजय कुमार आदि के नाम से भूमि खरीद कर अवैध तरीके से प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी। जिसे जिलाधिकारी के निर्देश के बाद ध्वस्त कराया गया। यह भूमि गाटा संख्या 163, 164 तथा 170 है। पांच एकड़ भूमि में अवैध प्लॉटिंग ढहाया गया बताया कि अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनाइजर को चिन्हित किया जा रहा है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्लॉटिंग की जमीनों की जांच के लिए राजस्व टीम को निर्देशित किया गया है। सरकारी भूमि के हेराफेरी की जांच अभिलेखों से की जा रही है। जांच में कुछ भी गलत मिलता है तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मुख्तार के आर्थिक साम्राज्य पर चोट जारी बांदा जेल




में बंद मऊ जिले के सदर से बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर आर्थिक चोट जारी है। पुलिस लगातार मुख्तार अंसारी और करीबियों की संपत्ति की जांच कराकर जब्ती कार्रवाई कर रही है। शनिवार को गाजीपुर जिले में प्रशासन ने मुख्तार अंसारी की तीन करोड़ 50 लाख रुपये की बेनामी संपत्ति कुर्क कर ली। महुआबाग स्थित शुभ्रा कॉम्प्लेक्स सामने यह प्लॉट मुख्तार अंसारी की मां राबिया खातून के नाम पर थी। अकले गाजीपुर जिले में अब तक मुख्तार अंसारी की 60 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है, जबकि गिरोह से संबंधित लोगों की करीब 100 करोड़ की अवैध संपत्ति ध्वस्त की जा चुकी है।

# कैंटीन में स्वच्छता व भोजन की गुणवत्ता ही हमारी प्रमुख प्राथमिकता – विजय तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेलवे कैंट स्टेशन से गुजरने वाले रेलयात्रियो के लिये राहत की खबर यह है कि काफी दिनों से बंद पड़ी इस स्टेशन पर बंद रही कैंटीन अब फिर से संचालित हो गई है।जिसका संचालन रेलवे विभाग स्वयं कर रहा है।इस संबंध में जौनपुर जिले के मूल निवासी व भारतीय थल से सेवानिवृत्ति तथा 2003 से आर एम मित्तल एंड सन्स कम्पनी में कैटरिंग मैनेजर पद पर कार्य करना शुरु किया।इस समय वे अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर संचालित कैंटीन पर बतौर मैनेजर पर तैनात है।देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर संचालित कैंटीन के मैनेजर विजय तिवारी ने बताया कि हमारे कैंटीन पर पर स्वच्छता व भोजन के उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होने बताया कि हम चाहते है कि सर्विस से रेलयात्री संतुष्ट रहे।उनकी संतुष्टि से ही हमारे द्वारा किये गये कार्यो की पहचान होगी।रविवार को जब देश की उपासना हिंदी समाचार व एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव ने अपने जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी के साथ इस रेलवे




स्टेशन पर गये तो वहाँ पर बन रहे भोजन में उच्च क्वालिटी दिखी वही पाकशाला में स्वच्छता दिखी।वही यहाँ पर पूरा कैंटीन परिसर स्वच्छता पूर्व दिखाई दे रहा था।इस जगह पर भोजन व जलपान कर रहे रेलयात्रियो ने बताया कि वे सभी यहाँ के साफ सफाई व भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे।कुल मिलाकर इस कैंटीन पर स्वच्छता व भोजन की सही गुणवत्ता दिखी।जिसकी तारीफ वहाँ पर आये रेलयात्री करते हुये दिखे।

# स्टांप विक्रेता से लूटे गए लाखों रुपए की रपट न लिखने के विरोध में रजिस्ट्री ऑफिस में हुई हड़ताल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में गत दिनो सोहावल रजिस्ट्री आफिस में कार्यरत स्टाम्प वेंडर लियाकत हुसैन से जुबैरगंज स्थित ओवरब्रिज के पास हुई।इसमें लगभग साढ़े चार लाख रुपये की लूट में रौनाही पुलिस द्वारा मुकदमा न लिखकर उल्टे पीड़ित के बेटे को ही थाने में बैठाकर कड़ी पूछताछ करने की निंदा करते हुये सोहावल रजिस्ट्री ऑफिस में रजिस्ट्रार पद पर तैनात राहुल सिंह ने विधायक डॉ अमित सिंह चौहान से मिलकर कर रौनाही पुलिस प्रशासन की शिकायत करते हुये, पीड़ित का मुकदमा दर्ज करने की माँग की है।आरोप के मुताबिक बीते बृहस्पतिवार की शाम करीब 5:30 बजे लियाकत हुसैन जब रजिस्ट्री ऑफिस से अपने घर वापस जा रहे थे तो, जुबैरगंज ओवरब्रिज के पास वैन में पहले से ही घात लगाकर बैठे युवकों ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया और उनके पास मौजूद साढ़े चार लाख रुपये लूट कर भाग गये। ऐसे में रौनाही पुलिस ने उनके बेटे एहतिशाम हुसैन को थाने में पूछताछ के लिया बैठा लिया।अब पीड़ित का अस्पताल में कोई भीजिम्मेदार व्यक्ति देखभाल करने वाला नहीं है। क्योंकि लियाकत की पत्नी दोनों पैरों से विकलांग तथा उनका छोटा बेटा मंद बुद्धि का है। पुलिस की लचर कार्य प्रणाली से नाराज ने रजिस्ट्री आफिस में तैनात बैनामा लेखकों व स्टाम्प वेंडरों ने आज हड़ताल कर दिया।जिससे 20 लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से राजस्व को घाटा हो रहा है। हड़ताल करने वालों में कन्हैया बक्श सिंह, लाल ध ार्मेंद्र प्रताप सिंह, लालजी यादव, जमशेद आदिल, सुधांशु यादव, ओमप्रकाश पाण्डेय, शिवसरन, असलम खान, प्रिंस दुबे, उमाशंकर पाण्डेय, सुरेंद्र श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सभी कष्टो से मुक्ति दिलाती है माता रानी जालपा देवी

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)।नवरात्रि में देवी की आराधना की जाती है।ऐसे में शक्ति और सिद्ध पीठ पर देवी भक्तों का तांता लगा हुआ है।अयोध्या की जालपा देवी मंदिर अति प्राचीन सिद्ध शक्तिपीठों में से एक मानी जाती हैं।मान्यता है कि यहां माता रानी के चरण गिरे थे और जलपा देवी मंदिर में आज भी पिंड स्वरूप के ऊपर चरण मौजूद हैं।हालांकि इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है।वैसे राम जन्मभूमि से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर जालपा देवी मंदिर स्थित है।यहां पर मां दुर्गा की छोटी प्रतिमा विराजमान है और मां के चरण यहां पर विराजमान हैं।नवरात्रि में देवी भक्त माँ का दर्शन करने दूर दराज से आते हैं, जिनकी सभी मनोकामना मां पूर्ण करती हैं।अयोध्या की नगर देवी के रूप में जाने जाने वाली मां जालपा देवी मंदिर को बंदी देवी के रूप में भी जाना जाता है।मान्यता है कि मां के चरणों में अपने को समर्पित करने से सभी बंधन मुक्त होते हैं। कोई कोर्ट–कचहरी से परेशान है तो मां बंदी देवी जालपा मंदिर में प्रार्थना करने से फर्जी मुकदमों से मुक्ति मिलती है।मां जालपा देवी मंदिर में आम मंदिरों की अपेक्षा मंगलवार के दिन देवी भक्तों की खाता भीड़ रहती है।मां जालपा देवी मंदिर में आम दिनों की अपेक्षा मंगलवार के दिन देवी भक्तों की ज्यादा भीड़ रहती है।कहा जाता है कि खुद भगवान हनुमान जी मंगलवार के दिन मां के दर्शन करने के लिए आते हैं, अनादि काल से इनकी मान्यता है।मां जालपा देवी मंदिर में नवरात्रि के दिन समय भोर 4 बजे से देवी भक्तों का



तांता लगा रहता है।यहां की एक विशेषता और है कि कोई भी देवी भक्त मंदिर के गर्भ गृह में जाकर मां के दर्शन और पूजन कर सकता है।इस मौके पर बंदी देवी जालपा मंदिर में दर्शन करने आईं गीता अग्रवाल का कहना है कि यहां पर कोई भी मान्यता मांगे वह पूरी होती है।देवी भक्त कंचन आचार्य का कहना है जब घर में नई नवेली बहू आती है तो सबसे पहले जालपा मंदिर में मां के दर्शन के लिए आती है। देवी दर्शन करने आईं मीनाक्षी का कहना है कि अगर कोई कर्ज में डूबा हुआ है और आर्थिक रूप से परेशान है तो वह जालपा मंदिर आकर मां के सामने अरदास लगाता है तो उसको कर्ज से मुक्ति मिलती है।देवी मां के प्रतिदिन दर्शन करने आने वाली डॉ स्वाति का कहना है कि जिनका विवाह नहीं हो रहा है, जिनको झूठे मुकदमे में परेशान किया जाता है, वह मां से प्रार्थना करते हैं तो उनको मुकदमा से मुक्ति मिलती है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित पुलिस सभागार कक्ष का किया जीर्णोद्वार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरों चीफ अयोध्या)जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या शैलेश कुमार पाण्डेय वर्तमान समय में जहाँ एक ओर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है।जिसके चलते अपराधियों में भी भय का माहौल दिखाई दे रहा है।वही इसी कड़ी में वे अपने कर्मियो व कार्यालय के साथ साथ अन्य जगहो पर अपनी पैनी नजर रखे रहते है।इसी कड़ी में उन्होने आज सोमवार को जिले के रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस सभागार कक्ष का जीर्णोंद्धार एवं उन्नयन किया गया।इस अवसर पर उनके अलावा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, पुलिस अधीक्षक नगर विजय पाल सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल व अन्य अधिकारी व कर्मी के साथ साथ श्री नवदुर्गा प्लाईवुड एंव हार्डवेअर सेंटर रीडगंज के






प्रो. हिमांशु श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिला अस्पताल अयोध्या के चिकित्सक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)जिला अस्पताल फैजाबाद अयोध्या में स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देशों का कोई असर नहीं है।पीड़ित के मुताबिक जिला चिकित्सालय में अटैच चिकित्सको द्वारा खुलेआम बाहर की महंगी दवाएं लिखकर मरीजों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है रिलायंस वन प्लस बिहार एसपी 3 जून डीएमआर मिगोस मी कोड जैसी दवाएं उधारी के फिजीशियन द्वारा लिखी जा रही हैं इनके जैसे चिकित्सकों के कमरों में हमेशा कुछ इस तरह की कंपनियों के दलालों को बैठा कर इनके इशारे पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा कर बाहर की दवाएं लिखी जा रहे हैं हैं वही जब प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक से इस विषय पर दूरभाष से वार्ता की तो उन्होंने कहा कि यहां फिजीशियन ना होने के कारण उधारी का फिजीशियन रखे हूं अगर मैं कोई एक्शन लेता हूं तो वह यहां से चला जाएगा तो फिजीशियन विहीन हो जाएगा जिला अस्पताल वही सीनियर फिजीशियन डॉ आर पी राय भी नहीं लिख रहे हैं बाजार की दवाइयां जबकि वह संविदा पर नौकरी मैं है स्वास्थ्य मंत्री के गरीब मरीजों को अस्पताल से फ्री दवा एवं इलाज मिलने के दावे को तार–तार कर के 9 अप्रैल को बीना देवी मरीज के पर्चे पर फिजिशियन डॉक्टर प्रशांत त्रिवेदी द्वारा बाहर की महंगी कंपनी की दवाई का लिखा हुआ पर्चा साक्ष्य के रूप में मिला है।इस तरह के कई चिकित्सक घोर लापरवाही कर रहे हैं।इस संबंध में समाजसेवी एवं हिंदू युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मिश्र अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के अध यक्ष पंडित के पायदान तिवारी ने कृपा निधान तिवारी ने वी जिला अस्पताल में बाहर से मरीजों की लिखी गई दवाओं की निंदा करते हुए व्यवस्था को सुधारने और इसमें जांच में पाए गए चिकित्सकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग स्वास्थ्य मंत्री से की है।

# पीड़ित के मुताबिक एफआईआर दर्ज करने से बच रही है गोशाईगंज पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)जिले के गोसाईगंज थाने के पौसरा गांव में नाबालिग बालक के साथ गांव के गोपी तिवारी नाम के अपराधी द्वारा दुष्कर्म के प्रयास की प्राथमिकी घटना के 3 दिन बाद पत्रकारों और संभ्रांत व्यक्तियों के दबाव बनाने के बाद अंत में अभियुक्त के बचने के सारे रास्ते बंद होने पर मजबूरी में सीओ सदर के निर्देश पर दर्ज हुई है।वही देर से प्राथमिकी दर्ज करने पर पुलिस की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा है।इसी तरह की कार्यवाही सीओ सदर के ही क्षेत्र में आने वाले थाना रौनाही कि पुलिस द्वारा भी भुक्तभोगी स्टांप वेंडर के रुपए लूटने के मामले में भी एफ आई आर नहीं दर्ज हो रही है।वही अभी कुछ दिन पूर्व पीड़ित के मुताबिक थाना रौनाही की पुलिस के कारनामो से पुलिस विभाग शर्मसार हो रहा है। कुछ दिन पूर्व भाजपा के एक नेता जो सोहावल चौराहे पर फास्ट फूड का ठेला लगाता है जरा सी बात पर सिपाही दीपक कुमार के द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई और थाने में ले जाकर लॉकअप में बंद कर दिया था, जिसे बाद में दबाव पड़ने पर छोड़ दिया गया। इसी तरह की कुछ दिन पूर्व एक 11वीं कक्षा के छात्र अनुभव पाण्डेय की कुछ अपराधी किस्म के लोगों द्वारा जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था इस मामले में भी पुलिस ने दूसरे पक्ष से क्रास एफ आई आर दर्ज करके मामले को कमजोर करने का काम किया है।इसी तरह से थाना कोतवाली नगर के रामनगर चौकी इंचार्ज द्वारा एक मौर्य परिवार के आपसी झगड़े में दूसरे पक्ष को अपने मकान के हिस्से में दरवाजा नहीं लगवाने दिया जा रहा है। इस तरह से पुलिस द्वारा जमीन के झगड़ों में हस्तक्षेप करके जनता को न्याय देने की जगह शोषण का काम किया जा रहा है।जबकि जमीन संबंधी झगड़ों को निपटाने का पूरा अधिकार एसडीएम को है और बिना उनके निर्देश के पुलिस का हस्तक्षेप वर्जित है।

# प्रधानाचार्या व अन्य शिक्षकों तथा छात्रों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

अयोध्या। (डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के शाहगंज स्थित राम सुमिरन इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं को साथ लेकर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता राज पांडेय एवं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर पवन तिवारी व अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा समाज के लोगों एवं दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक किया गया। जिसमें क्षेत्र के चौकी प्रभारी जे के अवस्थी का भी भरपूर सहयोग मिला।इस मौके पर जे के अवस्थी ने विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता राज पांडेय और प्रीत शर्मा को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया कि आप लोगों ने शिक्षा के साथ साथ समाज को सड़क सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर जागरूक कर रहे हैं और आपके इस सराहनीय कार्य से हम पुलिस वालों को विशेष सहयोग मिलता है कास सभी लोग समय समय पर इस तरीके के सराहनीय कार्यों को करके हम पुलिस वालों का सहयोग कर दिल जीतते रहें। मैं राम सुमिरन इंटर कॉलेज के स्टाफ व विद्या अध्यन रत बच्चों का आभारी हूं।विद्यालय के सभी स्टाफ और चौकी प्रभारी द्वारा हेलमेट लगाए हुए चालकों को पुष्प भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रीत शर्मा, दिनेश कुमार,संजय राजा, अशोक कुमार, सलमा, लक्ष्मी यादव, पार्थ दुबे, गीता यादव, फिरोज, लवकुश पांडेय, भीम यादव, सीमा पांडेय, ध्रुव नारायण, सीमा यादव आदि लोगों ने प्रतिभाग कर अपना सराहनीय योगदान दिया।

# विभिन्न नामों और रूपों में पूजी जाती हैं योगमाया माँ विंध्यवासिनी – रामचंद्र यादव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)पृथ्वी पर बढ़ते अत्याचार और सृष्ठी संचालन में बाधक आसुरी शक्तियों के प्रभाव को कम करने के लिए भिन्न –भिन्न रूपों में प्रकट होकर युगों युगों से योगमाया अवतार लेती रही हैं।देव और महादेव ने भी शक्ति की आराधना कर सृष्टि का बेहतर संचालन किया है।वर्ष में 2 बार नवरात्रि का आगमन हमें जीवन जीने का बेहतर सलीका सिखाती है।यह बातें सहबाजचक गांव में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने पूजा पंडाल में स्वागत कार्यक्रम में कही।उन्होंने कहा कि इलाके की तमाम तथाकथित शक्तियां मुझे चुनाव हराने में लगी थी परन्तु आपने अयोध्या मण्डल में रुदौली विधानसभा से सर्वाधिक मतों से चुनाव जिताकर उनके मंसूबो को फेल कर दिया।ऐसे लोगो को पहचानने की जरुरत है जो एक हाथ में चन्दन और दूसरे हाथ में कालिख लेकर चलते है।योगी सरकार आने वाले 100 दिनों में लोक कल्याण की अनेक योजनाए संचालित करने जा रही हैं जिससे गरीबो की तरक्की को पंख लगेंगे।इसी 100 दिन में पडोसी ग्राम सभा जखौली को जिले में पहचान दिलाने के लिए करोडो की विकास योजनाओं की सौगात पर कार्य हो रहा है जिसका परिणाम जल्द जनता के सामने होगा।इस अवसर पर प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष राम प्रेस यादव,सर्वेश वर्मा,प्रधान प्रतिनिधि भानू यादव,बीरेंद्र विश्वकर्मा,प्रधान विक्रमा यादव,नंदकुमार गुप्ता,निरंजन विश्वकर्मा,प्रधान राजकुमार यादव,भीखू रावत एवं लवकुश मौर्या,त्रिलोकी रावत सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 15 अप्रैल को उपराष्ट्रपति राम नगरी अयोध्या आकर करेगे राम लला का दर्शन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्र के मुताबिक देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू 15 अप्रैल को लखनऊ आएंगे।इसके बाद प्रेसीडेंशियल ट्रेन से अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए रवाना होंगे।लखनऊ से अयोध्या का सफर उपराष्ट्रपति की ट्रेन दो घंटे में पूरा करेगी।लखनऊ सूत्र के मुताबिक सुबह नौ बजे चारबाग रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी और 11 बजे अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी।वहां पर उनका स्वागत किया जाएगा।वही उपराष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है।पुलिस अधिकारी लगातार बैठक कर स्टेशन की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं. पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।इसके साथ ही आलाधिकारी रेलवे स्टेशन का जायजा भी ले रहे हैं।देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के बाद अब उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू भी प्रेसीडेंशियल ट्रेन से लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से अयोध्या रेलवे स्टेशन का सफर तय करेंगे।अयोध्या पहुंचने के बाद वह भगवान राम की नगरी में रामलला के दर्शन करेंगे। उपराष्ट्रपति लखनऊ आ रहे हैं लिहाजा, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंध ाक हर पल रेलवे की तरफ से तैयारियों को लेकर संजीदगी दिखा रहे हैं।रविवार को रेलवे के अध िकारियों के साथ ही पुलिस के आला अधिकारी, जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने जवानों के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को परखा।कमियों को दूर किया जा रहा है. रेलवे के अध िकारी बताते हैं कि चूंकि राष्ट्रपति लखनऊ से अयोध्या के लिए प्रेसीडेंशियल ट्रेन से जाएंगे लिहाजा, पटरी पर नजर रखने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवानों की तैनाती की जा रही है।संबंधित पुलिस थानों की पुलिस भी पटरी पर नजर रखेगी।स्टेशन को भी छावनी में तब्दील किया जा रहा है।अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू वाराणसी के लिए रवाना होंगे. वहां वह बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे. अयोध्या से दोपहर ढाई बजे उपराष्ट्रपति की ट्रेन वाराणसी के लिए रवाना होगी।

## 132 छात्रओं को रुदौली विधायक ने बांटा स्मार्टफोन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूबे के मुख्यमंत्री निःशुल्क स्मार्ट फोन योजना के तहत आदर्श महिला महाविद्यालय,जहानपुर रूदौली के सभागार में स्नातक,परास्नातक की 132 छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक राम चंद्र यादव द्वारा माँ शारदा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।जिसके पश्चात् महाविद्यालय के प्रबंधक राम कैलाश मौर्य ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा भविष्य में डिजिटल एजुकेशन की महत्त्वता को देखते हुए योगी सरकार ने युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए यह योजना लागू की।यह योजना युवाओं को सशक्त करने में मददगार होगी।जिसके उपरांत रामचंद्र यादव,एसडीएम स्वप्निल यादव व खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने विध्यर्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया।स्मार्ट फोन पाकर छात्रा छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गयी।लाभार्थी छात्रा विभा गुप्ता ने योगी सरकार की इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा के युग में यह स्मार्ट फोन विध्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी।वहीं महाविद्यालय के प्रबंधक राम कैलाश मौर्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए छात्रों को खूब परिश्रम व लगन के साथ पढ़ाई कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने को कहा व आए हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में कोतवाल शशिकांत यादव,प्रधानाचार्य पंकज मौर्य,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी,अध्यापक राम सजीवन वर्मा,संजय द्रिवेदी,मयंक मिश्रा,वीके श्रीवास्तव,रामसहाय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन राम कृष्ण गुप्ता ने किया।

## यूपी एस आरटी की नई पहल : रोडवेज की बसों से भेज सकते हैं कोरियर और पार्सल

अयोध्या। (डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के साथ अब कोरियर और पार्सल की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके लिए कोरियर कंपनियों से साझा कर प्रदेश की सभी बस स्टैंड पर बुकिंग सेंटर खोलेंगी।परिवहन विभाग के मुताबिक गांवों से लेकर दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार तक आप कोरियर या पार्सल भेज सकते है। इस से परिवहन निगम को फायदा होगा।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ चाहते है कि यात्रियों को परिवहन विभाग अच्छी से अच्छी सुविधा मुहैया कराए। उन्होंने बताया विभिन्न श्रेणी की बसों में यात्रियों को कोरियर और पार्सल की सुविधा देगा इससे यात्रियों के साथ विभाग को भी लाभ होगा।उन्होंने बताया कि प्राइवेट कोरियर कंपनियां बस स्टेशनों पर बुकिंग सेंटर खोलेंगी। निगम की वेबसाइट पर कोरियर और पार्सलों को भेजने की दरें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की लिहाज से बडे बस स्टेशनों पर मशीन स्कैनर तथा अन्य डिपो बस स्टेशनों पर हैण्ड हेल्ड मैटल डिटेक्टर द्वारा पैकेट चेक किये जायेंगे। इस योजना में बसों के अंदर जाने वाले कोरियर पैकेट निश्चित आवंटित स्थान में ही रखे जायेंगे।

## अवैध खनन में लगी जेसीबी सहित तीन डंफर सील : जेसीबी चालक गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के थाना पूरा कलंदर पुलिस ने बीती शनिवार आधी रात के आसपास थाना क्षेत्र ददेरा गांव में अवैध खनन में लगी जेसीबी मसीन सहित तीन डंफरों को सील कर दिया। रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए डंफरों के चालक भागने में सफल रहे जबकि जेसीबी चालक गिरफ्तार कर लिया गया।इस मामले में थाना पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शनिवार आधी रात के पास ददेरा गांव में जेसीबी मशीन लगाकर अवैध खनन किया जा रहा था। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और अवैध खनन में लगी जेसीबी मशीन सहित तीनों डंपर को कब्जे में ले लिया। आज रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए डंपर चालक तो भाग निकले। जेसीबी चालक को गिरफ्तार करके जेसीबी मशीन और तीन डंफरों को सील कर दिया गया है।

# पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर : घायल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) जिले के रुदौली थाना अंतर्गत भेलसर चौराहे के निकट बीते शुक्रवार की रात्रि पैदल जा रहे 25 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया उपचार के दौरान बीती रात जिला अस्पताल में दम तोड़ा प्राप्त जानकारी के अनुसार मायाराम पुत्र रामखेलावन आयु 25 वर्ष निवासी दरिया पार थाना रुदौली जनपद अयोध्या को शुक्रवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था जिसे घायल अवस्था में नेशनल हाईवे एंबुलेंस के ई एम टी गजेंद्र सिंह द्वारा रात्रि 11:45 पर जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान आज बीती रात 10:45 पर उसने दम तोड़ दिया इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ आशीष श्रीवास्तव ने मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा या वहीं फार्मेसिस्ट संजय गुप्ता द्वारा पोस्टमार्टम हेतु कोतवाली नगर पुलिस मेमो भेज दिया गया है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।